संकल्प यात्रा | संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की जयंती पर निकली संकल्प यात्रा

समरसता संकल्प अभियान में गूंजी सामाजिक एकता की हुंकार

नवभारत, जबलपुर। संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में चल रहे समरसता संकल्प अभियान के तहत पूर्व विधानसभा के सुभाष चंद्र बोस एवं अब्दुल हमीद मंडल में भव्य कलश वंदन यात्रा निकाली गई। यात्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं, सामाजिक बंधुओं और श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ सहभागिता की। भाजपा जिलाध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने कहा कि गुरु रविदास जी के समानता, मानवता और भाईचारे के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना ही अभियान का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि समाज को जाति-पंथ और ऊंच-नीच की संकीर्णता से ऊपर उठाकर एक सूत्र में पिरोने की जरूरत है।कलश वंदन यात्रा में शामिल लोगों ने सामाजिक समरसता और समानता को मजबूत करने का संकल्प लिया। सोनकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' की भावना को मजबूती मिल रही है। इधर, पूर्व विधानसभा के श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं तिलक मंडल में आज 13 सितंबर को कलश वंदन यात्रा निकलेगी। यात्रा डॉ. बुधराज के पास संत रविदास मंदिर से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए अम्बेडकर चौक पर समाप्त होगी।

हरियाली के रंग में रंगा हाईकोर्ट बार

जबलपुर। संस्कृति के संग मना हरियाली दिवस नव निर्वाचित कार्यकारिणी का सम्मान, 200 से अधिक पौधों का वितरण जबलपुर। अदालत के गलियारों में जहां रोज कानून की धाराओं और तरीकों की गंभीरता सुनाई देती है, शनिवार को वही परिसर प्रकृति, संस्कृति और उल्लास के रंग में रंगा नजर आया। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के आदर्श मुनि सभागार में हरियाली दिवस का आयोजन हुआ। वर्षा से धुली धरती की हरियाली को नारी शक्ति और भारतीय संस्कृति से जोड़ते हुए आयोजन ने

पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मुख्य अतिथि कीर्ति अभिलाष पांडेय, शक्ति त्रिवेदी और प्राची अजय शुक्ला की उपस्थिति में पौधों के संरक्षण और संवर्धन का संकल्प लिया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में आर्या त्रिवेदी कृष्ण तथा लाभान्शी शुक्ला और आव्या त्रिवेदी राधा के रूप में मंच पर उतरीं तो सभागार में ब्रज की छवि साकार हो उठी। मेहंदी प्रतियोगिता, प्रकृति के राग पर नृत्य और पुरानी फिल्मों की थीम पर महिला वेशभूषा ने आयोजन को विविध रंग दिए। समारोह में हाईकोर्ट बार की नव निर्वाचित कार्यकारिणी का अभिनंदन किया गया। अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता मृगेन्द्र सिंह, सचिव असीम त्रिवेदी, उपाध्यक्ष विश्वास पलिया व सत्येन्द्र ज्योतिषी, महिला उपाध्यक्ष अनुराधा तिवारी चौबे, सहसचिव रूपेश पटेल, कोषाध्यक्ष सुशीला पालीवाल, पुस्तकालय सचिव अजय शुक्ला सहित कार्यकारिणी सदस्यों कार्यकारिणी सदस्यों आशीष तिवारी, अर्नव तिवारी, विभा पाठक, अभिजीत सोनी, शांति तिवारी, अतुल द्विवेदी, आरती शर्मा व वरुण दुबे का सम्मान हुआ।

कदम संस्था की ओर से अंकुर मिश्रा और योगेश मिश्रा ने 200 से अधिक पौधों का वितरण किया। पौधों के साथ उनके संरक्षण की जिम्मेदारी का संदेश भी दिया गया। आयोजन का सबसे अनूठा संदेश खान-पान में भी दिखाई दिया। गोल कचौड़ी को धरती और उस पर सजी हरी चटनी को हरियाली का प्रतीक माना गया। संदेश था-धरती का आकार चाहे कितना भी सुंदर हो, उसका जीवन उसकी हरियाली से है। समारोह समाप्त हुआ, लेकिन पौधों के रूप में उसकी हरियाली न्यायालय से निकलकर घर-आंगनों तक पहुंच गई।

मेधावी पितृविहीन विद्यार्थियों को मिली छात्रवृत्ति

नवभारत,जबलपुर। पंजाबी हिंदू एसोसिएशन ने पितृविहीन एवं मेधावी छात्र-छात्राओं की पढ़ाई में सहयोग के लिए छात्रवृत्ति राशि वितरित की। एसोसिएशन प्रांगण में अध्यक्ष नरेंद्र पाल मलिक की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह के साथ आर्थिक सहयोग राशि प्रदान की गई। मुख्य अतिथि साध्वी ज्ञानेश्वरी दीदी ने संस्था के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि जरूरतमंद प्रतिभाओं की शिक्षा में सहयोग करना मानवीय संवेदना से जुड़ा सराहनीय कार्य है। कार्यक्रम में एसोसिएशन के पदाधिकारी, विद्यार्थी और उनके परिजन मौजूद रहे।

सोच बदलें, समस्याओं के समाधान खोजें

नवभारत, जबलपुर। महाकोशल चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री में आयोजित परिचर्चा में व्यापारियों को बदलते परिवेश के साथ व्यापार के तौर-तरीके और कार्यप्रणाली में बदलाव के गुर बताए गए। व्यापार प्रबंधन एवं वित्तीय विशेषज्ञ प्रदीप विश्वारी ने कहा कि बदलती चुनौतियों को पहचानकर समय रहते समाधान पर काम करना जरूरी है, वरना व्यापार भी समय के साथ पीछे छूट सकता है। उन्होंने आय-व्यय प्रबंधन, ऑनलाइन व्यापार की चुनौती, वित्तीय अनुशासन और ग्राहक की जरूरत के अनुसार व्यापारिक व्यवस्था में बदलाव को सफलता का आधार बताया। चेम्बर अध्यक्ष रवि गुप्ता ने व्यापारियों को सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने और चेम्बर के ध्येय वाक्य 'स्वच्छ व्यापार-स्वस्थ व्यापार' का ईमानदारी से पालन करने की अपील की। परिचर्चा में व्यापारियों ने प्रश्नोत्तर के माध्यम से अपनी शंकाओं का समाधान पाया। संचालन मानसेवी मंत्री अखिल मिश्र ने किया, जबकि आभार कनिष्ठ उपाध्यक्ष युवराज जैन गढ़ावाल ने माना। इस दौरान बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

इंटेलिजेंस और प्रोग्रामेबिलिटी से सशक्त होगी भविष्य की वित्तीय व्यवस्था : अजय कुमार चौधरी

नवभारत,जबलपुर। 7 वें ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2026 में एनपीसीआई के नॉन-एग्जीक्यूटिव चेयरमैन अजय कुमार चौधरी ने कहा है कि देश का अगला वित्तीय ढांचा बुद्धिमान, प्रोग्रामेबल और सुरक्षित होना चाहिए। यूपीआई के 10 वर्ष पूरे होने पर उन्होंने बताया कि अगस्त 2026 में 752 बैंकों के माध्यम से 29.8 लाख करोड़ रुपये मूल्य के रिकॉर्ड 24.5 अरब लेनदेन दर्ज किए गए।

उन्होंने भावी वित्तीय व्यवस्था के लिए तीन मुख्य बदलाव रेखांकित किए। पहला, 'निर्देशों से उद्देश्य की ओर', जहाँ मानवीय नियंत्रण के साथ एजेंटिक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का उपयोग होगा। दूसरा, 'मूल्य का समन्वय', जिसके लिए एनपीसीआई ने 'डुनिक्स' ब्लॉकचेन प्लेटफॉर्म विकसित किया है। तीसरा, 'सुरक्षा', जिसके तहत क्वांटम कंप्यूटिंग के खतरों से निपटने के लिए पोस्ट-क्वांटम क्रिप्टोग्राफी की आवश्यकता होगी। उन्होंने किसी एक तकनीक या क्लाउड प्रदाता पर अत्यधिक निर्भरता से बचने की सलाह देते हुए कहा कि तकनीक का असली उद्देश्य केवल कार्यक्षमता बढ़ाना नहीं, बल्कि बेहतर वित्तीय समावेशन सुनिश्चित करना है।

स्वरा भास्कर की टिप्पणी पर करणी सेना ने सौंपा ज्ञापन

जबलपुर। अभिनेत्री स्वरा भास्कर द्वारा राजपूत वीरांगनाओं के जौहर को लेकर की गई कथित टिप्पणी के विरोध में करणी सेना ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की। संगठन ने टिप्पणी को आपत्तिजनक और अपमानजनक बताते हुए कहा कि इससे राजपूत वीरांगनाओं के ऐतिहासिक बलिदान, सम्मान और स्वाभिमान को ठेस पहुंची है। शिकायत में संबंधित बयान/पोस्ट की जांच कर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर उचित कार्रवाई की मांग की गई। इस दौरान करणी सेना परिवार की संभाग अध्यक्ष विंध्या ठाकुर, राजपूत करणी सेना की जिला अध्यक्ष शेफाली सिंह, प्रदेश महामंत्री किरण तोमर, जिला अध्यक्ष दिव्या चौहान सहित रूपल सिंह, रागिनी ठाकुर, नेहा राजपूत और अर्पिता राजपूत मौजूद रहीं।

गणेशोत्सव में मांस-मटन दुकानें बंद रखने की मांग

नवभारत,जबलपुर। गणेश चतुर्थी के पावन पर्व को देखते हुए राष्ट्रीय सनातन सेना भारत ने जबलपुर में 12 दिनों तक मांस-मटन की दुकानों को बंद रखने की मांग उठाई है। संगठन ने प्रशासन से आवश्यक आदेश जारी करने के साथ ही आदेश के प्रभावी पालन और नियमित निरीक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। पदाधिकारियों का कहना है कि पर्व के दौरान धार्मिक आस्था, स्वच्छता और सात्त्विक वातावरण बनाए रखना शहर की सांस्कृतिक परंपरा के अनुरूप आवश्यक है। इस संबंध में जिला प्रभारी काजल यादव, जिला अध्यक्ष नेहा दुबे, जिला प्रभारी सौरभ उपाध्याय, जिला अध्यक्ष उमेश दुबे, कानूनी सलाहकार हर्ष सोनी, कानूनी सलाहकार शिवानी विश्वकर्मा, महामंत्री संगीता उपाध्याय एवं महामंत्री पवन शर्मा ने प्रशासन से मांग की कि गणेशोत्सव की 12 दिवसीय अवधि में मांस-मटन दुकानों पर रोक के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए। संगठन ने स्पष्ट किया कि मांग का उद्देश्य किसी व्यक्ति या समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाना नहीं, बल्कि धार्मिक आस्था और जबलपुर की सांस्कृतिक परंपराओं का सम्मान सुनिश्चित करना है।

शादी में गया था परिवार, चोरों ने उड़ाए 2.75 लाख नगद और लाखों के जेवरात

जबलपुर। गोहलपुर थाना अंतर्गत अमन नगर में एक सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात और 2.75 लाख नगद चोरी कर लिए। घटना उस वक्त की है जब पीड़ित परिवार अपने एक रिश्तेदार की शादी में शामिल होने गया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक, अमन नगर गोहलपुर निवासी सगीर अहमद अंसारी (56) ठक्कर ग्राम में अपनी दुकान चलाते हैं। उनके सादू अतीक अहमद की बेटी की शादी थी। सगीर अहमद अपनी दुकान से सीधे रजा चौक स्थित शादी समारोह में चले गए थे। वहीं, शाम करीब 6:30 बजे उनकी पत्नी और बेटी भी घर के मुख्य दरवाजों पर ताला लगाकर शादी में शामिल होने के लिए निकल गईं। रात करीब 11 बजे जब पूरा परिवार शादी से वापस घर लौटा, तो नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। घर के बाहर वाले गेट का ताला तो लगा हुआ था, लेकिन अंदर के मेन गेट का ताला टूटा हुआ था और दरवाजा खुला था। पीड़ित जब अंदर कमरे में पहुंचे तो देखा कि लोहे की भारी-भरकम अलमारी जमीन पर औंधे मुंह गिरी पड़ी थी और उसके दोनों पल्ले खुले हुए थे। अज्ञात चोरों ने अलमारी के लॉकर से आभूषण व कैश 2,75,000 पार कर दिया।

निडरता की मिसाल थे पं. ओंकार प्रसाद तिवारी

नवभारत,जबलपुर। समाजसेवा और जनहित के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले पं. ओंकार प्रसाद तिवारी की 27वीं पुण्यतिथि आज 'निर्भय दिवस' के रूप में मनाई जाएगी। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे दमोह नाका स्थित श्री हनुमान मंदिर में भोग-प्रसाद और श्रद्धांजलि के साथ होगी। सुबह 11 बजे विजय नगर के स्कीम नंबर-41 स्थित पं. ओंकार प्रसाद तिवारी नगर में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। इसके बाद दोपहर 1 बजे ग्वारीघाट स्थित अग्रवाल धर्मशाला में विशाल भंडारे का आयोजन होगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक शामिल होकर पं. तिवारी के साहस, जनसेवा और सामाजिक सरोकारों को याद करेंगे। आयोजक अनिल तिवारी, आलोक तिवारी, अनूप तिवारी एवं तिवारी परिवार ने शहरवासियों से कार्यक्रम में शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने की अपील की है।

चैक भुगतान में गड़बड़ी, बैंक पर लापरवाही और धोखाधड़ी का आरेप

नवभारत, कटनी। 38,925 रुपए के चेक का भुगतान कथित तौर पर दूसरे व्यक्ति को किए जाने का मामला सामने आया है। महाकोष तेल व्यवसाय से जुड़े एक पार्टनर ने बैंक अधिकारियों की लापरवाही और षड्यंत्रपूर्वक धोखाधड़ी किए जाने की आशंका जताते हुए पुलिस अधीक्षक कटनी से शिकायत की है। शिकायतकर्ता ने मामले की जांच कर 38,925 रुपए की राशि वापस दिलाने और संबंधित लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार रघुनाथगंज निवासी देवीदीन मंगल प्रसाद पार्टनर राकेश कुमार कनकने द्वारा 31 अगस्त 2026 को बिल क्रमांक 376 के माध्यम से गोलबाजार कटनी स्थित ज्ञानचंद गुरूबक्स राय को 25 जार महाकोष तेल का 38,925 रुपए में विक्रय किया गया था। भुगतान के लिए ज्ञानचंद गुरूबक्स राय द्वारा यूनियन बैंक ऑफ इंडिया का चेक क्रमांक 170949 दिया गया था। शिकायतकर्ता के मुताबिक, उक्त चेक को 1 सितंबर 2026 को आईसीआईसीआई बैंक शाखा कटनी में अपने मुनीम चंदन निषाद के माध्यम से भुगतान के लिए जमा कराया गया था। चेक का भुगतान नहीं होने पर बैंक से जानकारी ली गई। शिकायतकर्ता का आरोप है कि बैंक से जानकारी लेने पर पता चला कि उक्त चेक की राशि आमिर अंसारी नामक व्यक्ति द्वारा प्राप्त कर ली गई है। इसके बाद चेक के भुगतान को लेकर शिकायतकर्ता ने बैंक की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं।

ओवरराइटिंग के बावजूद भुगतान का आरोप

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि चेक पर शिकायतकर्ता का नाम अंकित होने के बावजूद वह दूसरे व्यक्ति तक पहुंच गया। शिकायतकर्ता ने सेंट्रल बैंक प्रबंधन पर भी आरोप लगाया है कि ओवर राइटिंग के बावजूद चैक को क्लीयर करने कर दिया गया। बैंक शाखा द्वारा बगैर आवश्यक जांच किए भुगतान कर दिया गया। शिकायतकर्ता ने सवाल उठाया है कि यदि चेक में ओवरराइटिंग स्पष्ट थी तो भुगतान से पहले उसका सत्यापन क्यों नहीं किया गया।

ई-नीलामी सह बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना

IIFL होम फाइनेंस लिमिटेड (IIFL-HFL) के कॉर्पोरेट कार्यालय प्लॉट संख्या 98, उद्योग विहार, फेज-IV, गुड़गांव-122015 (हरियाणा) तथा शाखा कार्यालय- 225, नेपियर टाउन, दूसरा माला, चन्द्रिका टॉवर्स के सामने, शास्त्री ब्रिज रोड, जबलपुर-482001 में वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसके बाद 'अधिनियम') के अंतर्गत बंधक रखी गई अचल संपत्ति की बिक्री। जबकि IIFL-HFL के प्राधिकृत अधिकारी ('AO') ने निम्नलिखित ऋण खातों/संभावना संख्याओं में अधिनियम की धारा 13(2) के तहत जारी नोटिस के अनुसार निम्नलिखित संपत्ति/संपत्तियों का कब्जा ले लिया था. आईआईएफएल-एचएफएल के बकाये की वसूली के लिए 'जहां है जैसा है, जो है जैसा है तथा बिना किसी सहारे के आधार पर' इसे बेचने के अधिकार के साथ, बिक्री वेबसाइट : www.iiflonehome.com पर उपलब्ध कराए गए ई-नीलामी मंच के माध्यम से नीचे हस्ताक्षरकर्ता द्वारा की जाएगी.

देनदार/सहदेनदार/ गारंटर का नाम	डिमांड नोटिस की तिथि व राशि	अचल संपत्ति/ सुरक्षित संपत्ति का विवरण	सांकेतिक कब्जा तिथि	रिजर्व मूल्य
श्री अजय कुमार दाहिया श्रीमती मिनी (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10268674)	17/04/2025 रु. 1698255.00 (रु. सोलह लाख अट्ठानवे हजार दो सौ पचपन मात्र) बोली वृद्धि राशि रु.25000/- (रुपये पच्चीस हजार मात्र)	संपत्ति का वह भाग जो निम्न पते पर स्थित है: पीएचएन 49, खसरा संख्या 114, नया डायवर्टेड खसरा संख्या 114/2, झुरझुरु, तहसील पनागर और जिला जबलपुर, मध्य प्रदेश, 483220, भारत क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकार: भूमि_क्षेत्रफल, कालीन_क्षेत्रफल, निर्मित_क्षेत्रफल संपत्ति का क्षेत्रफल: 800.00, 720.00, 800.00	09/04/2026 दिनांक 11/09/2026 तक कुल बकाया राशि: रु. 2161363/- (रु. इक्कीस लाख इकसठ हजार तीन सौ तिरेसठ मात्र)	रु. 1840000/- (रु. अट्ठारह लाख चालीस हजार मात्र) बयाना जमा (ईएमडी) रु. 184000/- (रु. एक लाख चौरासी हजार मात्र)
श्री विकास कुमार शर्मा श्रीमती सोनम कुमारी शर्मा शौर्य ट्रेडर्स (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10178350)	13/01/2023 रु. 2928891/- (रु. उन्नीस लाख अट्ठाइस हजार आठ सौ इक्यानवे मात्र) बोली वृद्धि राशि रु.25000/- (रुपये पच्चीस हजार मात्र)	संपत्ति का वह भाग जिसमें शामिल है: फ्लैट नं. एम/सी 6, दूसरी मंजिल, अतिरिक्त निर्मित क्षेत्र 560 वर्ग फुट और 403 वर्ग फुट का कारपेट एरिया आसरा एन्क्लेव, सीरियल नंबर 309, मौजा महेशपुर, ग्राम्रेश्वर वार्ड, जबलपुर, नंबर 662, पीएच नंबर 28, जबलपुर, मध्य प्रदेश, भारत, 482002.	28/02/2024 दिनांक 11/09/2026 तक कुल बकाया राशि रु. 4719257/- (रु. सैंतालीस लाख उन्नीस हजार दो सौ सत्तावन मात्र)	रु. 1971000/- (रु. उन्नीस लाख इकहत्तर हजार मात्र) बयाना जमा (ईएमडी) रु. 197100/- (रु. एक लाख सन्तानवे हजार एक सौ मात्र)
प्रॉपर्टी निरीक्षण दिनांक 25/9/2026 11.00-14.00 बजे		**ईएमडी की अंतिम दिनांक 28/9/2026 के 5.00 बजे तक**		**ई-नीलामी दिनांक/समय 30/9/2026 11.00 से 13.00 बजे**

भुगतान का तरीका- ईएमडी भुगतान केवल ऑनलाइन मोड के माध्यम से किया जाना है. भुगतान करने के लिए आपको https-//www.iflonehome.com पर जाना होगा और केवल संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिए उपलब्ध लिंक के माध्यम से भुगतान करना होगा. **नोट-** प्रत्येक संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिए भुगतान लिंक अलग-अलग है. सुनिश्चित करें कि आप उस संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति के लिंक का उपयोग कर रहे हैं जिसे आप सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से खरीदना चाहते हैं. **शेष भुगतान के लिए -** https-//www.iiflonehome.com >मेरी बोली >शेष राशि का भुगतान करें पर लॉग इन करें.

नियम एवं शर्तें:-

1. ई-नीलामी में भाग लेने के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को सेवा प्रदाता https-//www. iiflonehome.com के पास अपना विवरण पहले से पंजीकृत करना होगा तथा लॉगिन खाता, लॉगिन आईडी और पासवर्ड बनाना होगा. इच्छुक बोलीदाताओं को उपरोक्त शाखा कार्यालय में ईएमडी के भुगतान विवरण, केवाईसी की प्रति तथा पैन कार्ड के साथ अपना 'निविदा प्रपत्र' जमा/भेजना होगा.
2. बोलीदाताओं को 'बोली वृद्धि राशि' कॉलम के अंतर्गत उल्लिखित राशि के गुणकों में अपनी पेशकश में सुधार करना होगा. यदि बोली नीलामी के समापन समय के अंतिम 5 मिनट में लगाई जाती है, तो समापन समय स्वत: ही 5 मिनट के लिए बढ़ जाएगा.
3. सफल बोलीदाता को बोली राशि का 25% (ईएमडी समायोजित करने के बाद) एओ द्वारा बोली मूल्य की स्वीकृति के 24 घंटे के भीतर तथा बोली राशि का शेष 75% सुरक्षित लेनदार द्वारा बिक्री की पुष्टि की तिथि से 15 दिनों के भीतर जमा करना होगा. सभी जमा और भुगतान निर्धारित भुगतान विधि से किए जाएंगे.
4. क्रेता को उपकर, लागू स्टाम्प शुल्क, फीस और कोई अन्य वैधानिक बकाया या अन्य बकाया जैसे नगरपालिका कर, बिजली शुल्क, भूमि और अन्य सभी आकस्मिक लागत, संपत्ति से संबंधित सभी करों और दरों सहित प्रभारों का भुगतान करना होगा.
5. क्रेता को बिक्री राशि के लेन-देन/भुगतान पर टीडीएस आवेदन का भुगतान करना होगा और आईआईएफएल एचएफएल के साथ टीडीएस प्रमाण पत्र जमा करना होगा.
6. बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने के लिए अपनी बोलियाँ जमा करने से पहले नीलामी बिक्री और नीलामी आवेदन पत्र की विस्तृत शर्तों के लिए वेबसाइट https-//www.iiflonehome.com और https-//www.iifl.com/home-loans/properties-for-auction देखें.
7. ई-नीलामी पर विस्तृत जानकारी, सहायता प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए संभावित बोलीदाता सेवा प्रदाता की ईमेल आईडी: care@iiflonehome.com, सहायता हेल्पलाइन नंबर: @1800 2672 499 पर संपर्क कर सकते हैं.
8. संपत्ति के विवरण, संपत्ति के निरीक्षण और ऑनलाइन बोली आदि से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए, सोमवार से शुक्रवार के बीच 09:30 बजे से 18:00 बजे तक IIFL HFL टोल फ्री नंबर 1800 2672 499 पर कॉल करें या ईमेल करें: care@iiflonehome.com
9. उपरोक्त उधारकर्ताओं को यह नोटिस दिया जाता है कि वे 7 दिनों के भीतर भौतिक कब्जे में लेने के समय सुरक्षित संपत्ति में पड़े घरेलू सामान को इकट्ठा करें, अन्यथा IIFL-HFL परिस्थितियों में संपत्ति के किसी भी नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं होगा.
10. इसके अलावा उधारकर्ताओं को यह नोटिस दिया जाता है कि यदि वे उपरोक्त सामान इकट्ठा करने में विफल रहते हैं तो उन्हें कानून के अनुसार बेचा जाएगा.
11. यदि सफल बोलीदाता/नीलामी क्रेता द्वारा किसी भी स्तर पर निर्धारित समय के भीतर भुगतान में चूक की जाती है, तो बिक्री रद्द कर दी जाएगी तथा पहले से भुगतान की गई राशि (ईएमडी सहित) जब्त कर ली जाएगी तथा संपत्ति को फिर से बिक्री के लिए रखा जाएगा.
12. एओ बिना कोई कारण बताए निविदा/नीलामी की शर्तों को स्थगित/रद्द या बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है. निविदा/नीलामी में किसी भी विवाद की स्थिति में, आईआईएफएल-एचएफएल के एओ का निर्णय अंतिम होगा।

सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 9(1) के तहत वैधानिक 15 दिन की बिक्री सूचना

उधारकर्ता को निविदा/नीलामी की तिथि से पहले ऊपर उल्लिखित राशि के साथ-साथ अद्यतित ब्याज और सहायक व्यय का भुगतान करने के लिए अधिसूचित किया जाता है, ऐसा न करने पर संपत्ति की नीलामी/बिक्री की जाएगी और यदि कोई बकाया है तो उसे ब्याज और लागत के साथ वसूल किया जाएगा.

स्थान- जबलपुर, दिनांक- 13 सितंबर 2026 — **एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी, आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड**

पश्चिम मध्य रेल

सामग्री प्रबंधन विभाग

(ई निविदा सूचना संख्या वरि. मंडल सा. प्रबंधक/ई.पी.एस/52/2026)

वरि. मं. सा. प्रबं-प. म. रे. भारत के राष्ट्रपति कि ओर से ई-खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदायें आमंत्रित करते है। इसमें हस्तलिखित डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे। पूर्ण विवरण विनिर्देशन के लिए https://ireps.gov.in पर ई निविदा की जानकारी प्राप्त की जा सकती हैं। **Sr.No. : 01, Tender No. :** 94255767C, **Short Description :** Supply and Fitment of SS metal Trough Floor below RMPU. 40 coach set., **Tendered Qty :** 40 CSET, **Opening Date :** 05.10.2026.

(हस्ता.)
वरि. मंडल सामग्री प्रबंधक
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

पश्चिम मध्य रेल

यांत्रिक शाखा

निविदा सूचना क्र JBP-M-Tender-23A-2026
खुली निविदा, दिनांक: 10/09/2026

निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (फ्रेट)/नकज, आर.ओ. एच. डिपो नकज, पश्चिम मध्य रेल, के द्वारा आमंत्रित की जाती है :- **निविदा सूचना क्रमांक दिनांक:** JBP-M-Tender-23A-2026, Dated 10/09/2026, **कार्य का नाम लोकेशन सहित :** फ्रेट यार्ड एनकेजे में वेल्डिंग मरम्मत कार्यों की आउटसोर्सिंग, **कार्य का विज्ञापित मूल्य रुपये:** 24518463.84, **बयाना राशी रुपये:** 490400.00, **समापन की अवधि :** 24 माह, **निविदा क्लोजिंग तिथि एवं समय:** 05-10-2026,15:00 Hrs उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी वेब साईट https:ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक) कार्यालय, पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। (हस्ता.)

कृते मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक)
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

पश्चिम मध्य रेल

सामग्री प्रबंधन विभाग

(भंडार आपूर्ति हेतु ई- निविदा सूचना, संख्या/ईपीएस/31/2026)

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम रेल भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाएं आमंत्रित करते है। कोई भी हस्तालिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नही किए जाएंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए वेबसाईट https://ireps.gov.in पर 'ई निविदा संबधी जानकारी प्राप्त की सकती है।

क्र.	टेंडर नं.	संक्षिप्त वर्णन	निविदा मात्रा	नियत तारीख
1	40261771A	5 स्टार रेटेड एनर्जी एफिसिएंट BLDC 1200mm सीलिंग फैन	17364 नंबर्स	01/10/2026
2	20264875A	स्फेरी ब्लॉक् फॉर एक्सल गाइड LINK/TM टार्क ARM फॉर WAG-9 लोकोस	3765 नंबर्स	05/10/2026
3	8125WCRT P-34	6 mm थिक पॉकेट टाइप नायलॉन कोर्ड रैनफोरसेद ग्रूवेद रबर सोल प्लेट्स	285 सेट्स	05/10/2026
4	38255008A	सप्लाई ऑफ स्टैण्डर्ड टेस्ट वेट ऑफ 50 kgs-each	5712 नंबर्स	07/10/2026
5	38265017	लिक्विड एंड गैस Eduction वाल्व फॉर BTPGLN टैंक वैगन	150 नंबर्स	14/10/2026

50 लाख रूपये से कम अनुमानित मूल्य वाली निविदाओं के लिए इच्छुक फर्मों को www.ireps.gov.in पर जाने की सलाह दी जाती है। (हस्ता)

कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

आवश्यकता है

ए.पी. नर्मदा विधि महाविद्यालय सदर, जबलपुर (म.प्र.)

विधि महाविद्यालय में निम्नांकित पदों की भर्ति हेतु कॉलेज कोड-28 के तहत आवेदक की शैक्षणिक एवं अनुभव संबंधी प्रमाण-पत्रों की छायाप्रति एवं फोटोग्राफ सहित आवेदन पत्र आमंत्रित करता है। आवेदन की अंतिम तिथि प्रकाशन के 3 दिन तक है। पद का विवरण निम्नानुसार है-

क्रं.	पद	पदों की संख्या	विषय	योग्यताएं एवं अनुभव
1.	सहायक प्राध्यापक	10	विधि संकाय	पी.एच.डी./नेट अनिवार्य 05 वर्ष का महाविद्यालय का शैक्षणिक का कार्य अनुभव
2.	सहायक प्राध्यापक	02 02 02 02 02	अंग्रेजी अर्थशास्त्र राजनीतिशास्त्र इतिहास वाणिज्य	पी.एच.डी./नेट अनिवार्य उपरोक्त सभी विषयों का सहायक प्राध्यापकों के लिए संबंधित विषय में 55 प्रतिशत अंकों से स्नाकोत्तर, हायर सेकेण्डरी एवं स्नातक 50 प्रतिशत अंकों के साथ नेट / स्लेट परीक्षा उत्तीर्ण एवं पी-एच.डी. उपाधि को वरीयता, 02 वर्ष का महाविद्यालय का शैक्षणिक कार्य का अनुभव'

नोट-(1) उपरोक्त पदों के लिए चयन यू.जी.सी. के नियम प्रभावशाली होंगे।
(2) आरक्षण में यू.जी.सी. एवं म.प्र. शासन के नियमों का पालन आवश्यक होगा।
(3) स्ववित्तीय योजना के अंतर्गत वेतन एवं सेवा शर्तें यू.जी.सी. के अनुसार।.
(4) आवेदक अपना आवेदन पत्र महाविद्यालय के संचालक के पते पर सीधे या डाक द्वारा अंतिम तिथि के पूर्व भेजे।

प्रबंधक
ए.पी. नर्मदा संस्थान, सदर, जबलपुर (म.प्र.)